मंदिर में घुसने से रोकने पर नशेडी ने की महंत और पुजारी से मारपीट

छोटी चौपड़ स्थित सीतारामजी मंदिर में शनिवार अलसुबह की घटना

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । कोतवाली इलाके में एक नशेड़ी ने मंदिर में घुसने से मना करने पर महंत-पुजारी से मारपीट की। मारपीट के दौरान महंत और पुजारी दोनों के सिर में चोट आई। महंत ने मारपीट कर रहे नशेड़ी को नहीं छोड़ा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित नशेडी को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि छोटी चौपड़ पर सीतारामजी का मंदिर है। शनिवार तड़के चार बजे महंत नन्दकिशोर शर्मा और पुजारी मंदिर में पूजा की तैयारी कर रहे थे। मंदिर बंद होने के दौरान गेट खोलकर एक युवक अंदर घुस आया। गांजे के नशे में होने का पता चलने पर महंत-पुजारी ने मंदिर से बाहर जाने की कहा। मंदिर से बाहर निकालने के दौरान नशेड़ी ने महंत और पुजारी पर हमला कर दिया। जमीन पर महंत-पुजारी के गिरने पर डंडा छिनकर नशेड़ी मारपीट करने लगा। मारपीट के दौरान महंत और पुजारी दोनों के सिर में चोट आई। महंत ने मारपीट कर रहे नशेड़ी को नहीं छोड़ा। मंदिर में नशेड़ी के मारपीट करने की सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मंदिर में मारपीट कर रहे नशेड़ी को गिरफ्तार किया। मंदिर में लगे सीसीटीवी फुटेज में मारपीट की करतूत कैद हो गई। पुलिस ने मंदिर महंत की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस का कहना है कि मारपीट करने वाला आरोपित लखन सिंह यादव बिहार का रहने वाला है। वह बजाज नगर में रहता है और नशे का आदतन है। मारपीट में मंदिर महंत व पुजारी के साथ ही नशेड़ी के भी सिर में चोट आई है।

- **सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया**

शराब पार्टी के दौरान चली गोली, युवक घायल हुआ

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। आमेर थाना इलाके में शुक्रवार देर रात शराब पार्टी के दौरान गोली चलने से एक युवक घायल हो गया। गोली युवक की जांघ को छूकर निकल गई। घायल युवक का एसएमएस अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने इस मामले में दो युवकों को पकड भी लिया और एक युवक की तलाश की जा रही है। एसआई जितेंद्र ने बताया कि पापड़ जमवारामगढ़ निवासी 23 वर्षीय राहुल मीणा अपने तीन दोस्तों के साथ साइवाड़ बांध पर पार्टी करने गए था। पार्टी करने के दौरान देसी कट्टे से अचानक फायर हो गया। गोली लगने से राहुल मीणा घायल हो गया।

इस पर दोस्तों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और राहुल से बयान लेकर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में पुलिस युवक के साथ पार्टी कर रहे तीन युवकों को पकड़कर पूछताछ की। पूछताछ के बाद राहुल और करण को गिरफतार कर लिया। जबकि इस मामले में दिनेश फरार है। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। शराब पार्टी के दौरान दिखाने के टशन में राहुल से ही गोली चल गई। गोली उसके जांघ में लगी है। राहुल का एसएमएस अस्पताल में उपचार जारी है।

- **गोली युवक की जांघ को छूकर निकल गई, फिलहाल घायल युवक का एसएमएस अस्पताल में उपचार जारी है**
- **पुलिस ने दो युवकों को पकडा है, जबकि एक की तलाश जारी**

राजस्थान विवि. में मूट कोर्ट प्रतियोगिता

राजस्थान यूनिवर्सिटी के मानविकी हॉल में राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और विशिष्ट अतिथि राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एम.एम.श्रीवास्तव व सिक्किम उच्च न्यायालय के पूर्व जज एन.के.जैन ने किया।

जयपुर । राजस्थान यूनिवर्सिटी के मानविकी हॉल में राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और विशिष्ट अतिथि राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एम.एम.श्रीवास्तव व सिक्किम उच्च न्यायालय के पूर्व जज एन.के.जैन ने किया। समारोह में न्यायमूर्ति जे.के.रांका और सिद्धार्थ रांका (सचिव, रांका सार्वजनिक चैरिटेबल ट्रस्ट) ने भी भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. जयंत सिंह (प्रमुख साख्यिकी विभाग राजस्थान विवि.) डीन विधि विभाग संजुला थानवी और डॉ. अखिल कुमार व डॉ. संदीप सिंह उपनिदेशक और डॉ. आर्ति शर्मा ने की।

न्यायमूर्ति अरविंद कुमार ने विधि छात्रों के बीच बहस करने की कुशलता विकसित करने के महत्व पर जोर दिया। न्यायमूर्ति एम.एम.श्रीवास्तव ने छात्रो को सफल अधिवक्ता बनने के लिए कड़ी मेहनत के लिए प्रोत्साहित किया। न्यायमूर्ति ए.के.जैन ने कहा कि इस क्षेत्र में सफल होने के लिए बहस की कुशलता आवश्यक है। न्यायमूर्ति जे.के.रांका ने अपने पिता, स्वर्गीय डॉ. एन.एन. रांका को स्नेहपूर्वक याद किया। जानकारी के मुताबिक राजस्थान यूनिवर्सिटी में शनिवार को शुरू हुई मूट कोर्ट प्रतियोगिता 7 अक्टूबर तक चलेगी। यह प्रतियोगिता कंपनी कानून और मादक पदार्थों के कानून से जुड़ी समकालीन कानूनी मुद्दों पर चर्चा होगी। इस प्रतियोगिता में 17 राज्यों से 64 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें पंजाब, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडू, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, ओडिसा, दादर और नगर हवेली बिहार शामिल है। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ तर्क प्रस्तुत करने वाली टीम को पुरस्कृत किया जायेगा।

सफाई कर्मचारियों की हाजिरी फेस स्कैनर मशीन से होगी, उसी से मिलेगी तनख्वाह

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । नगर निगम हेरिटेज के आयुक्त अरुण कुमार हसीजा ने शनिवार को वार्डो में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान आयुक्त अरुण कुमार ने सिविल लाइन जोन के वार्ड 38, 39, 41 और 48 में सफाई व्यवस्था देखी। आयुक्त अरुण कुमार ने स्थानीय लोगों से भी सफाई अभियान को लेकर चर्चा की।

आयुक्त ने वार्डो में डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य को भी देखा और निगम अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। वहीं वार्ड में हाजिरी गाह का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों की हाजिरी भी चेक की।

आयुक्त ने निर्देश भी दिए कि सभी कर्मचारियों को हाजिरी फेस स्कैनर मशीन से होना अनिवार्य हों। इसके लिए लेट आने वाले कर्मचारियों से तीन बार समझाइश की जाएं, इसके बाद भी ड्यूटी टाइम में लेट होने पर आधे दिन का अवकाश लगाया जाएं। उन्होंने बताया कि निगम कर्मचारियों को इस बार नवम्बर महीने की सैलरी फेस स्कैनर मशीन से हुई हाजिरी के हिसाब से ही मिलेगी। वहीं, किसी कारणवश गैर हाजिर होने या लेट होने पर वार्ड के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक या स्वास्थ्य निरीक्षक द्वारा लिखित में देने पर ही अवकाश मान्य होगा।

निरीक्षण के दौरान चाय की थड़ी के बाहर सड़क पर कचरा फैलाने पर निगम अधिकारियों को निर्देश दे मौके पर ही चालान भी कटवाया। साथ ही दुकानदार से सड़क पार कचरा नहीं फैलाने को लेकर समझाइश भी की। निरीक्षण के दौरान सिविल लाइन जोन उपायुक्त राकेश कुमार शर्मा, राजस्व अधिकारी पवन शर्मा और अन्य निगम कर्मी मौजूद रहे।

हैरिटेज नगर निगम आयुक्त अरूण कुमार हसीजा ने शनिवार को शहर के कई वार्डों में घूमकर सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया।

- **तीन बार समझाइश के बाद भी ड्यूटी टाइम में लेट आने वाले सफाईकर्मियों का आधा दिन का अवकाश लगेगा**

हरमाड़ा में ट्रेफिक हैड कांस्टेबल से की मारपीट

जयपुर । हरमाड़ा इलाके में ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक हैड कांस्टेबल के साथ कुछ युवकों द्वारा मारपीट कर घायल करने का मामला सामने आया है। हैड कांस्टेबल की ओर से थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। पीडित की ओर से पुलिस को आरोपितों की बाइक के नम्बर भी दिये हैं।पुलिस ने मामला दर्ज की जांच में जुटी है।

एसआई ईमरत सिंह ने बताया कि हैड कांस्टेबल शिवपाल सिंह ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी ड्यूटी शीतावाली रेलवे फाटक बैनाड़ रोड पर थी। जहां एक युवक बाइक लेकर आया और बंद फाटक के नीचे से बाइक निकालने लगा।

हैड कांस्टेबल ने उसे रोका और इस तरह से लाइन क्रॉस करने पर समझाया। जिस पर युवक ने हैड कांस्टेबल को धमकाया और कहा कि वह उसे जल्दी देख लेगा। जिस के बाद युवक कुछ युवकों को अपने साथ सीता वाली रेलवे फाटक के पास आया और हैड कांस्टेबल के साथ मारपीट शुरू कर दी।

इस दौरान एक युवक ने लोहे की रॉड से हैड कांस्टेबल के सिर पर हमला कर दिया। जिस में हैड कांस्टेबल के सिर और शरीर पर चोटे आई। स्थानीय लोगों ने युवकों का विरोध किया तो आरोपित युवक मौके से भाग निकले। इसके बाद लोगों ने हैड कांस्टेबल को निजी अस्पताल ले कर गये जहां उनका उपचार कराया। पुलिसकर्मी का मेडिकल करवा दिया गया है वहीं आरोपितों की तलाश की जा रही हैं।

आयुक्त रुक्मणी रियाड ने राइजिंग राजस्थान समिट की तैयारियों का किया व्यापक निरीक्षण

निगम आयुक्त ने करीब 2 घंटे से ज्यादा समय तक निरीक्षण के बाद जयपुर शहर की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश

जयपुर (कासं)। दिसंबर में आयोजित होने वाली राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की तैयारियों की समीक्षा हेतु नगर निगम ग्रेटर आयुक्त, रुक्मणी रियाड ने विस्तृत निरीक्षण किया। आयुक्त ने एयरपोर्ट के टर्मिनल 2 से अपना दौरा प्रारंभ किया जिसके बाद सांगानेर एयरपोर्ट से बाईस गोदाम तक के मुख्य मार्गों का अवलोकन किया गया, जिसमें टर्मिनल 2 से पत्रिका गेट सर्कल, सांगानेर पुलिया, सांगानेर रोड, जेएलएन मार्ग, 22 गोदाम अंबेडकर सर्किल और टोंक रोड शामिल हैं।

रियार ने शहर की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समिट की तैयारियों में तेजी लाएं और सुनिश्चित करें कि सभी कार्य समय पर पूर्ण हों। उन्होंने निर्देश दिया कि सौंदर्य करण के लिए मुख्य मार्गों पर हैंगिंग प्लांट्स लगाए जाएं और सड़क किनारे के पौधों तथा पेड़ों की कटाई-छंटाई की जाए। दीवारों पर पेंटिंग, सार्वजनिक शौचालयों और लिटर बिन की सफाई, सड़क किनारे की सफाई और संकेत बोर्ड की मरम्मत सुनिश्चित करने के लिए भी कहा। फ्लाईओवर को अधिक आकर्षक बनाने हेतु चित्रकारी और लाईटिंग के भी निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा, ताकि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की तैयारी में कोई कमी न रह जाए। निरीक्षण के दौरान शहर की सड़कों और सार्वजनिक स्थानों से निर्माण मलबे और अन्य अवशेषों को हटाने के लिए त्वरित कार्रवाई करने, अवैध एवं अस्थायी अतिक्रमणों को तुरंत हटाने, मुख्य मार्गों पर सभी स्ट्रीट लाइट्स को पूर्ण रूप से सुचारू करने के निर्देश दिये। साथ ही शहर में लगे अवैध होर्डिंग को भी हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को अपने अमूल्य सुझाव देने के लिए प्रेरित किया ताकि सभी संभावित चुनौतियों का पूर्वानुमान किया जा सके। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की सफलता संयुक्त प्रयासों पर निर्भर करेगी।

उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल राजस्थान के निवेश संभावनाओं को प्रदर्शित करेगा, बल्कि जयपुर को एक वैश्विक शहर के रूप में प्रस्तुत करने का भी एक अवसर होगा। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त आयुक्त, सभी जोन उपायुक्त, अधिशासी अभियंता मौजूद थे।

- **सड़कों और सार्वजनिक स्थानों से निर्माण मलबे और अन्य अवशेषों को हटाने, अवैध एवं अस्थायी अतिक्रमणों पर कार्रवाई करने तथा मुख्य मार्गों पर सभी स्ट्रीट लाइट्स को पूर्ण रूप से सुचारू करने के निर्देश**

ग्रेटर नगर निगम आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने शनिवार को अधिकारियों की टीम के साथ जयपुर शहर का निरीक्षण कर साफ-सफाई व सौंदर्यीकरण के कामा

1370 ग्राम गांजे के साथ तस्कर पकड़ा

जयपुर। प्रताप नगर पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर पूर्व (डीएसटी) ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजे की ऑनलाइन सप्लाई करने वाले एक तस्कर को पकडा है। जिसके पास से पुलिस से एक किलो 370 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा और पैकिंग में काम ली जाने वाली अमेजन कंपनी की थैली बरामद की है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित छोटी-छोटी पूडिया बनाकर ऑनलाइन गांजा सप्लाई करता है,जो कोचिंग सेन्टर व आसपास रहने वाले किरायेदार स्टूडेंटों को गांजा सप्लाई करता है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत प्रताप नगर थाना पुलिस और डीएसटी पूर्व ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजे की ऑनलाइन सप्लाई करने वाले चंद्र प्रकाश उर्फ अमर महावर निवासी लालसोट जिला दौसा हाल प्रताप नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने एक किलो 370 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा और पैकिंग में काम ली जाने वाली अमेजन कम्पनी की थैली जब्त की है।

पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपित यह गांजा टोंक से लाकर जयपुर मे किराये के कमरे में देख देता है और यहा से म अम्रेजन पैकिंग वाली प्लास्टिक की थैली में छोटी-छोटी पन्नी में पैक कर आस-पास रहने वाले छात्रों व कोचिंग हब में टयूशन पढ़ने वाले छात्रों को गांजे की पुड़िया बनाकर पांच-पांच रूपये में बेचता है।

नौकरी के नाम पर 6.5 लाख रु.ठगे

जयपुर । जवाहर नगर इलाके में एक महिला को सरकारी टीचर के पद नौकरी लगवाने के नाम पर साढ़े छह लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। जवाहर नगर कच्ची बस्ती टीला नम्बर-6 निवासी महेंद्र कुमार महावर ने मामला दर्ज करवाया कि सतीश शर्मा ने उससे उसकी पत्नी को सरकारी टीचर के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर साढ़े छह लाख रुपए ले लिए। आरोपित ने कहा कि तू तो दसवीं पास है, लेकिन तेरी पत्नी बीए-बीएड है। अगर तू रुपए खर्च करें तो उसे सरकारी नौकरी मिल सकती है। मेरी सरकारी अधिकारियों व मंत्रियों में अच्छी सेटिंग है। विश्वास में आकर पीड़ित ने उसे रुपए दे दिए। आरोपित ने रुपए लेने के बाद उसकी पत्नी केा नौकरी भी नहीं लगवाई।

रामगंज में दो पक्षों के बीच उपजे तनाव को लेकर पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया

जयपुर (कासं)। रामगंज इलाके में शुक्रवार देर रात ई-रिक्शा और बाइक में टक्कर होने के बाद दो पक्षों में झगड़ा होने के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसेफ ने बताया कि झगड़ा करने वाले दोनों पक्षों के चार लोगों को पुलिस ने पकड़ा है। इनमें तीन लोग एक समुदाय विशेष है। आरोपियों से मामले को लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया इलाके में फिलहाल शांति बनी हुई है। हालांकि एतियात क तौर इलाके में जाप्ता तैनात किया गया है। पुलिस ने दिन में ड्रोन उड़ाकर उपद्रव्यियों के घरों का सर्व कराया। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि घटना को लेकर दोनों पक्षों की ओर से अगल-अलग मुकदमे दर्ज कराए गए है। जल्द ही पुलिस की ओर से भी आरोपियों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। वही पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों को बुलाकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

गौरतलब है कि शुक्रवार देर रात हीदा की मोरी के पास ई-रिक्शा और बाइक की टक्कर हो गई। एक्सीडेंट की बात को लेकर बाइक सवार और ई-रिक्शा चालक में कहासुनी के बाद झगड़ा हो गया। देखते ही देखते माहौल बिगड़ने पर दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने हो गए।

बड़ी संख्या में लोगों को इकट्ठा होने पर स्थिति तनावपूर्ण हो गई। एक पक्ष के लोगों ने रिक्शा चालक से मारपीट का आरोप लगाते हुए रामगंज थाने का घेराव कर दिया। गुस्साएं लोगों ने रोड किनारे खड़े आधा दर्जन वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। झगड़े की सूचना पर पुलिस उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचे।

दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए नारेबाजी की।

हालत पर काबू पाने के लिए आस-पास के थानों के पुलिस जाब्ते के साथ ही पुलिस लाइन से अतिरिक्त पुलिस जाब्ता बुलाकर तैनात किया गया। दोनों पक्षों में समझाइश कर मामले को शांत करवाया गया। झगड़े के बाद आसपास के इलाके में कानून व्यवस्था के लिए अतिरिक्त जाब्ता तैनात कर दिया गया।

- **रामगंज में शुक्रवार देर रात ई-रिक्शा और बाइक में टक्कर के बाद दो पक्षों में झगड़ा होने का मामला**
- **गुस्साएं लोगों ने आधा दर्जन वाहनों में की तोड़फोड़**
- **इलाके में फिलहाल शांति बनी हुई है। हालांकि एतियात क तौर इलाके में जाप्ता तैनात किया है।**

सार-समाचार

स्पाइनल डी-कंप्रेशन से लकवे का इलाज

जयपुर । डॉ. अरविंद जगा फिजियोथेरेपी क्लिनिक के चिकित्सकों ने बिना ऑपरेशन के स्पाइनल डी-कंप्रेशन तकनीक का उपयोग कर गर्दन की नस दबने से आए लकवे का प्रभावी उपचार कर उल्लेखनीय चिकित्सा उपलब्धि हासिल की है। मेघा सिंह, कई सालों से गर्दन के दर्द को नजरअंदाज करती रहीं थी, जिससे वह गंभीर समस्या का सामना करने लगीं। गर्दन में 5-6 और 6-7 की नस दबने के कारण उनके कंधे और दायां हाथ काम करना बंद कर चुके थे। इस हालत ने उनकी जीवन की गुणवत्ता को बुरी तरह प्रभावित किया था। डॉ. अरविंद जगा और उनकी टीम ने मेघा सिंह का सफलतापूर्वक इलाज किया। उन्होंने स्पाइनल डी-कंप्रेशन और एडवांस न्यूरो रिहैब तकनीकों का उपयोग कर एक महीने की कड़ी मेहनत के बाद मेघा को पूरी तरह स्वस्थ कर दिया। इस उपचार के माध्यम से नसों पर से दबाव को हटाया गया, जिससे नसों की कार्यक्षमता में सुधार हुआ और लकवे के लक्षणों में कमी आई। डॉ. अरविंद जगा ने बताया स्पाइनल डी-कंप्रेशन तकनीक से इलाज करने का लाभ यह है कि इसमें किसी प्रकार की सर्जरी की आवश्यकता नहीं होती और मरीज तेजी से स्वस्थ हो सकते हैं। डॉ. जगा ने कहा, ''हमारी टीम ने कड़ी मेहनत और समर्पण से यह सफलता प्राप्त की है। भविष्य में भी हम बिना ऑपरेशन के उन्नत उपचारों के माध्यम से मरीजों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हुक्का बार के मैनेजर समेत 25 गिरफ्तार

जयपुर । श्याम नगर थाना पुलिस ने शुक्रवार देर रात कैफे की आड में चल रहे हुक्का-बार पर छापेमारी की कार्रवाई की। साथ ही पुलिस ने बड़ी संख्या में हुक्का-बार का सामान जब्त किया है। वहीं हुक्का-बार में नशा करते मिले मैनेजर सहित पच्चीस लोगों को पकड़ा। कैफे में नशा करने के लिए छह सौ रुपये लिए जा रहे थे। थानाधिकारी दलवीर सिंह फौजदार ने बताया कि अजमेर रोड पर स्थित वेलेंसिया कैफे में चल रहे हुक्का-बार पर छापेमारी की गई। मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार देर रात कैफे में पुलिस ने दबिश दी। कैफे में हुक्का-बार का संचालन करने के साथ कुछ लोग हुक्का पीकर नशा करते मिले। पुलिस ने मैनेजर तरुण शर्मा सहित पच्चीस लोगों को किया गया । पूछताछ में सामने आया है कि नशा करने के लिए कैफे में छह सौ रुपये में फीस ली जा रही थी। पुलिस ने नशा करते मिले चौबीस जनों को कोटपा एक्ट के तहत चालान किया। पुलिस ने कैफे मैनेजर तरुण शर्मा को गिरफ्तार किया। हुक्का-बार से मिले 21 हुक्के, 50 पाइप व कई फ्लेवर के बॉक्स जब्त किए गए है।

मरीज की मौत पर परिजनों का हंगामा

जयपुर । करधनी थाना इलाके में एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मरीज की मौत हो गई। मरीज की मौत के बाद परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाकर अस्पताल के बाहर शव रखकर प्रदर्शन किया। सूचना पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने मरीजों को समझा-बुझाकर शांत किया। पुलिस के अनुसार निवारू रोड पर स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान एक मरीज की शनिवार को मौत हो गई। मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया और शव को अस्पताल के बाहर रखकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई और मृतक के परिजनों को मुआवजे की मांग की। प्रदर्शनकारी करीब दो घंटे तक अस्पताल के बाहर प्रदर्शन किया।

अवैध हथियार के साथ बदमाश दबोचा

जयपुर । जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन (आग) के तहत माणक चौक थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए थाना माणक चौक में अवैध हथियार रखने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित के कब्जे से अवैध हथियार एक देशी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस बरामद किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत माणक चौक थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए थाना माणक चौक में अवैध हथियार रखने वाले मोहम्मद हुसैन मलिक (19) निवासी गलता गेट जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से पुलिस ने अवैध हथियार एक देशी कट्टा एवं दो जिन्दा कारतूस जब्त किया है। आरोपित मोहम्मद हुसैन मलिक ने ईदगाह के पास मार्बल का काम करने वाले किसी अज्ञात व्यक्ति से एक देशी कट्टा एवं दो जिन्दा कारतूस पांच हजार रुपये में खरीदना स्वीकार किया है। पुलिस आरोपी हथियार प्राप्ति स्त्रोत एवं सप्लायर के सम्बन्ध में पूछताछ की जा रही है।

2 दिवसीय शिल्पकारी एग्जीबिशन शुरू

जयपुर । भारतीय हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट के समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को संजोने और बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक अग्रणी मंच शिल्पकारी, दो दिवसीय एग्जीबिशन का जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में भव्य आगाज हुआ। एग्जीबिशन का उद्घाटन फिक्की फ्लो, जयपुर की चेयरपर्सन, रघुश्री पोद्दार; सीआईआई-आईडब्ल्यूएन राजस्थान, चेयरवुमन, निवेदिता आर सारदा और फोर्टी वुमन विंग, प्रेसिडेंट, डॉ अल्का गौड़ द्वारा किया गया। इस अवसर पर मेडिटेशन एक्सपर्ट और यगन आचार्या, निर्मला सेवानी द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ एग्जीबिशन का शुभारंभ किया गया। यह एग्जीबिशन बिड़ला ऑडिटोरियम के फ्रंट लॉन्स में 6 अक्टूबर तक सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक आयोजित होगी। रघुश्री पोद्दार ने कहा कि ंदेरी की जटिल बुनाई से लेकर बांधनी के जीवंत रंगों तक, हर एक प्रोडक्ट परंपरा, रचनात्मकता और हमारे आर्टीजंस की भावनाओं को प्रदर्शित करता है। शिल्पकारी की संस्थापक, शिल्पी भार्गव ने बताया कि इस एग्जीबिशन में कई राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय और स्टेट अवॉर्ड विजेता आर्टीजंस और कलाकारों द्वारा तैयार कला और शिल्प के उत्कृष्ट, हस्तनिर्मित उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं। यहां हैंडक्राफ्टेड टैक्सटाइल की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की जा रही है, जिसमें अजरख, इको प्रिंट और कलमकारी जैसे प्रसिद्ध हस्त प्रिंट और पेंट शामिल हैं। पारंपरिक एम्ब्राएडरी वर्क, जैसे कि एप्लिक और टांका, जरदोजी, चिकनकारी, कश्मीरी, फुलकारी, और कांथा भी प्रदर्शित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, आशावाली ब्रोकेड, चंदेरी, तंगालिया, भुजोड़ी, जामदानी, हिमालयन हैंडलूम, कोसा सिल्क, माहेश्वरी, पटोला और इकत जैसी जटिल बुनाई वाले वस्त्रों के साथ- साथ बाटिक, बांधनी, शिबोरी और इटाजिम जैसी प्रिंटिंग तकनीकों का भी प्रदर्शन किया जा रहा है।

चिकित्सकों-स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षण

जयपुर । प्रदेश में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन की दृष्टि से प्रदेश में लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की आईटी सेल की ओर से ईएचसीसी अस्पताल में वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में अस्पताल की सेवाओं को और अधिक सुगम, प्रभावी और रोगी-केंद्रित बनाने की दिशा में आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया। वर्कशॉप के दौरान एचपीआर निर्माण के लाभ को समझाते हुए सभी कार्यरत डॉक्टरों और नर्सिंगकर्मियों के हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स रजिस्ट्रेशन करवाए गए। उल्लेखनीय है कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा शुरू किया गया एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य भारत में एक व्यापक डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि हम इस डिजिटल परिवर्तन का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं। इससे न केवल हमारी संचालन क्षमता में सुधार होगा, बल्कि मरीजों को भी सुगमतापूर्वक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी।

रोटेरियनों ने नवरात्र में खनकाए डांडिये

जयपुर । नवरात्र के उपलक्ष में रोटरी क्लब जयपुर द्वारा नवरात्र अर्चना का आयोजन रोटरी सभागार में किया गया। क्लब अध्यक्ष गिरधर माहेश्वरी तथा कार्यक्रम संयोजक सुरेन्द्र जैन पारस ने बताया की मां की आराधना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। उसके बाद दिव्यांशी कावा ने आओ जी आओ मारे हिवडे रा पावणा से नृत्य की प्रस्तुति दी, लोक भजन म्हारो हेलो सुनो जी रामापीर आयुषी कावा ने प्रस्तुत किया। जयपुर घराने के चौथी पीढ़ी के कलाकार तेजकरण कावा के निर्देशन में दिव्यांशी कावा, आयुषी कावा ने नृत्य एवं गायन की शानदार प्रस्तुतियां दी। हारमोनियम पर जयकरण कावा, मंजिरे पर ओम कावा तथा तबले पर तेजकरण कावा ने संगत की। विशिष्ट अतिथि डॉ राकेश थापर, डॉ.सलोनी थापर ने कलाकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान किये। नृत्य गुरु पंडित राजेंद्र राव की सुंदर कोरियोग्राफी में कलाकारों की नृत्य प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। रोटेरियन शिल्पा बेंद्रे ने कार्यक्रम का संचालन किया।